है । इस समय, वैष्णो देवी, मथुरा-वृन्दावन और शेखावटी जैसे स्थानों पर हिन्दी में ब्रोशरों का प्रकाशन किया जा रहा है । अन्य भारतीय भाषाओं में साहित्य का मुद्रण सामान्यतया राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है ।

कृषि में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम

1179. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता के बढ़ाने और उनकी कार्य की दशाओं में सुधार करने के लिए विभिन्न राज्यों में, 1989-90 में इन्टरनेशनल फैडरेशन फार वीमैन इन एग्रीकल्चर और इण्डियन फाउंडेशन आफ एग्रीकल्चर रिसर्च द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में वर्ष 1990-91 के लिए कौन-कौन से कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयन्तीलाल वीरचन्द भाई शाह) : महोदय, वर्ष 1989-90 और 1990-91 में कृषि में अन्तर्राष्ट्रीय महिला संघ और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित किया गया था उसमें निम्न शामिल थे :--

(i) 4 दिसम्बर, को कृषि दिवस पर महिला समारोह का आयोजन ;

(ii) कृषि विज्ञान केन्द्रों के कुल कार्यक्रमों में से 30 प्रतिशत व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को खेतिहर महिला के लिए रखा जाना ;

(iii) कृषि में अखिल भारतीय अनुसंधान परियोजनाओं को आरंभ करना ;

(iv) अन्य विस्तार कार्यक्रमों जैसे क्षेत्र दिवसों, फार्म प्रदर्शन और किसान मेलों में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में विशेष प्रयास किया जाना ; और

(v) सेमीनार और सम्मेलनों में खेतिहर महिला वैज्ञानिकों के भाग लेने के लिए प्राथमिकता देना ।

उपभोक्ता आन्दोलन

1180. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उपभोक्ता आन्दोलन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई राष्ट्रीय स्तर की सेमीनार में क्या-क्या मुख्य सिफारिशें की गई थीं ;

(ख) इन सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(ग) इन सिफारिशों को कब तक कार्यान्वित कर दिए जाने की संभावना है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (राव वीरेन्द्र सिंह) : (क) केंद्रीय सरकार ने हाल में कोई राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित नहीं की हैं । पिछली संगोष्ठी 17-3-90 को आयोजित की गई थी ।

(ख) और (ग) उपर्युक्त को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता ।

स्व-वित्त पोषण योजना के अधीन मकानों का आबंटन

1181. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली विकास प्राधिकरण की स्व-वित्त पोषण योजना के अंतर्गत मकानों का आबंटन किये जाने संबंधी नियम क्या हैं ;

(ख) आबंटित मकानों को किन परिस्थितियों में रद्द कर दिया जाता है और उन्हें पुनः आबंटित किये जाने के संबंध में नियम क्या हैं ;